श्री तीन चौबीसी मंडल-विधान पूजा



प्रकाशक :
श्री दिगंबर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट
सोनगढ-364250

भगवानश्रीकुन्दकुन्द-कहानजैनशास्त्रमाला, पुष्प–२११

श्री
तीन चौबीसी
मण्डल-विधान पूजा

: प्रकाशक :

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमन्दिर ट्रस्ट

सोनगढ़–३६४२५०

શ્રી દિગંબર જૈન સ્વાધ્યાયમંદિર ટ્રસ્ટ, સોનગઢ - ૩૬૪૨૫૦

[2]

प्रथम संस्करण : ३००० वि. सं. २०६३ ई. स. २००७

श्री तीन चौबीसी मंडल-विधान पूजा(हिन्दी)के

*** स्थायी प्रकाशन पुरस्कर्ता ***

कांतिलाल अमीचंद कामदार परिवार, चेन्नाई

ह. प्रवीणाबेन कामदार

मीनाबेन–अश्विनभाई, स्मिताबेन–भरतभाई

राजकुमार, वैभव

मूल्य : रू. 10=00

: मुद्रक :

कहान मुद्रणालय

जैन विद्यार्थी गृह कम्पाउन्ड, सोनगढ-३६४२५०

✆ : (02846) 244081

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

શ્રી દિગંબર જૈન સ્વાધ્યાયમંદિર ટ્રસ્ટ, સોનગઢ - ૩૬૪૨૫૦



પરમ પૂજ્ય અધ્યાત્મમૂર્તિ સદ્‌ગુરુદેવ શ્રી કાનજીસ્વામી

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

प्रकाशकीय निवेदन

परमोपकारी स्वानुभूति विभूषित, अध्यात्मयुगस्रष्टा पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामीकी कल्याणवर्षिणी अनुभवरसभीनी वाणीसे मुमुक्षु समाजको तीर्थंकर भगवन्तों द्वारा प्रकाशित मोक्षमार्गके मूलरूप भवांतकारी सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रका यथार्थ बोध प्राप्त हुआ है। उनके द्वारा ही इस युगमें निज ज्ञायक स्वभावके आश्रयसे ही स्वानुभूतियुक्त सम्यग्दर्शन–निश्चय सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिका मार्ग उजागर हुआ है।

तदुपरांत पूज्य गुरुदेवश्री द्वारा ही इस सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिके उत्कृष्ट निमित्त सच्चे देव-गुरु-शास्त्रका भी यथार्थ ज्ञान मुमुक्षु समाजको प्राप्त होनेसे उनके प्रति आदर-भक्ति-बहुमानके भाव जागृत हुए हैं।

साथ साथ प्रशममूर्ति भगवती माता पूज्य बहिनश्रीने भी पूज्य गुरुदेवश्रीकी भवनाशिनी वाणीका हार्द मुमुक्षु समाजको बताकर मुमुक्षुओंके अंतरमें जागृत सच्चे देव-शास्त्र-गुरुके प्रतिके भक्तिभावको, भक्ति-पूजाकी अनेकविध रोचक गतिविधियोंके द्वारा नवपल्लवित किया है।

जिसके फलस्वरूप सुवर्णपुरीमें देव-शास्त्र-गुरुकी भक्ति पूजनके विविध कार्यक्रमका आयोजन सदैव चलता रहता है। इस हेतुको ध्यानमें रखकर ट्रस्टकी ओरसे विविध पुस्तकोंका प्रकाशन हो रहा है।

भरतक्षेत्रके इस युगके आदि तीर्थंकर भगवानश्री ऋषभदेव भगवानश्री बाहुबली तथा अन्य मुनिवरोंकी निर्वाणभूमि श्री कैलासगिरि पर प्रथम चक्रवर्ती श्री भरतजीने जंबूद्वीपके भरतक्षेत्रके भूत-वर्तमान-भावी चतुर्विंशति तीर्थंकरोंके कृत्रिम जिनालय इस युगमें प्रथम वार स्थापित करके उनमें रत्नमयी जिनबिम्बोंको स्थापित करवाया था। हमारी ओरसे यह ''श्री तीन चौबीसी मंडल-विधान पूजा'' नामका नूतन संस्करण इन तीन चौबीसीके भगवंतोकी पूजायें तथा अन्य पूजनोंके साथ प्रकाशित किया जा रहा है। यह विधान श्री टेकचन्दजी आदि अन्य पुराने कवियोंकी पूजन रचनाओंको संकलित करके तैयार किया गया है। इसलिए हम उन पुराने

कवियोंके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हमें आशा है कि यह नूतन संस्करणसे मुमुक्षु समाज अवश्य लाभान्वित होगा।

पूज्य बहिनश्रीका ९४वाँ
जन्मजयंती महोत्सव
भादों वदी–२
वि. सं. २०६३

साहित्यप्रकाशनसमिति
श्री दि. जैन स्वाध्यायमन्दिर ट्रस्ट
सोनगढ ३६४२५०

अनुक्रमणिका

स्तुति ---------- 5
कैलाश (अष्टापद) निर्वाणक्षेत्र पूजा ---------- 7
श्री ऋषभनाथ जिनेन्द्र पूजन ---------- 11
श्री बाहुबलीस्वामी पूजा ---------- 15
श्री भरत जिन पूजा ---------- 18
कैलासक्षेत्र संबंधी जिन चैत्यालय पूजा ---------- 21
कैलासगिरिस्थित अतीतकाल चतुर्विंशतिजिन पूजन ---------- 26
कैलासगिरि स्थित वर्तमान चतुर्विंशति जिन पूजा ---------- 33
कैलासगिरि स्थित आगामीकाल चतुर्विंशति जिनपूजा ---------- 40
समुच्चय जयमाला ---------- 47
श्री सीमंधरादि वीस विहरमान जिनपूजा ---------- 49
श्री धातकीविदेह-भाविजिनपूजा ---------- 53
श्री विष्णुकुमार महामुनिपूजा ---------- 57
स्वानुभूति-तीर्थ सुवर्णपुरी पूजा ---------- 60
देवेन्द्रकीर्ति भावि विदेही गणधर अर्घ ---------- 64
समुच्चय अर्घ ---------- 64
कैलास तीर्थनी आरती ---------- 66
बाहुबली आरती ---------- 66
तीन चौबीस जिन आरती ---------- 67
कैलास तीर्थकी आरती ---------- 68
ॐ जय जिनवरदेवा आरती ---------- 69
शान्तिपाठ ---------- 69

देवाधिदेव जिनेन्द्रभगवानको भावभीनी वंदना

नमः सिद्धेभ्यः

स्तुति

(दोहा)

मंगलकारी सर्व जिन, दाता परम चितारि।
फलद रचाकर चित्त हम, पूजत कर शिर धारि॥१॥

(गीतिका)

सिर नाय सुर गुन खग नरेसुर, करै महोत्सव नित नये।
परवार जुत भर पुण्य कोष, प्रतच्छ लखि श्रीजिन जये॥
विहरंत केवल गनधरादिक, करत वर उपदेश ते।
तहँ सुनहिं अति रुचि धारि, भविजन त्याग गृह तप करहिं ते॥२॥

(अडिल्ल)

तीन चौवीसी देव सदा मंगल करे,
ये ही पुण्य फलदाय सकल संकट हरें।
ये ही त्रिभुवन नाथ जगतके सुख करा,
ये ही अधम उधार घनेका अघहरा॥३॥

ऐसे देव निहार शरणमें आइया,
पूजों पद जिन देव हरष बहु पाइया।
ता विध जग जश होय विरदकी ज्यों रहै,
और न वांछा कोई तार भव भवि कहै॥४॥

तोंसे दाता और नाहिं या भुवनमें,
नाम लेते ते तिरै तीर्थके गमनमें।
तारन तुम सम और न दीन दयालजी,
मो सम पतित उधार विरद तुम पालजी॥५॥

(छंद वेसरी)

जिनके पूजे शिवसुख होई, अधिक और महिमा कहा जोई।
पूजै सुर नर खग सुख काजे, देख विभूति देव सब लाजे॥
तुझ धने शुभ है आकारो, जिनको लखे मिटै अघ भारो।
पुण्य विना उस थल किम जइए, तातें यहां ही भावन भइये॥६॥

(दोहा)

भरतैरावत दस विषैं, कालचक्र द्वय जोग।
तामधि जंबूद्वीप यह, दच्छिन भरत मनोग॥७॥

(अडिल्ल)

हम यह पंचम काल, पाय यह क्षेत्र सो।
विद्यमान तीर्थंकर, मंगल नाहि सो॥
तातें परम उछाह, सु मन वचसों रचौं।
सिद्धभूमि थल पाय, हरष पूजा सुचौं॥८॥

इत्युच्चार्य जिनचरणाग्रेषु परिपुष्पाजंलि क्षिपेत्।

कैलाश (अष्टापद) निर्वाणक्षेत्र पूजा

(अडिल्ल)

वृषभनाथ जिन बाहुबली धीर वीरजी।
भरतेश्वर इस क्षेत्र, भये भगवंत जी॥
कल्याणक तित सर्व, पूज्य हरि कर भये।
अब सिद्धालय माँहि, यहाँ जिन पूजये॥

ॐ ह्रीं श्री कैलाश (अष्टापद) निर्वाणक्षेत्र ! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनं। अत्र मम सन्निहितानि भवत भवत वषट् सन्निधिकरणं।

अष्टक

(अडिल्ल)

कनक कलश दधि छीर, उदक निरमलहि लै।
इन्द्र जजै हम सकति नाहिं वह जल मिलै॥
भव निवारन हेत, जजौं हितकरिं अदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा॥१॥

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिनिर्वाणक्षेत्रेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि केशर कुंकुम, जल सोहिलौ।
परम सुरभि लहि भँवर, करहिं तापर किलौ॥
भव आताप निवारन कारन आनदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा॥२॥

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिनिर्वाणक्षेत्रेभ्यो भवातापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

शशि मोती सम सालि, अखण्डित बीनकैं।
परम सुगन्धी उज्जवल, उत्सव चीनकैं॥
अक्षय पद के हेत, जजौं जिन चरनदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा॥३॥

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिनिर्वाणक्षेत्रेभ्योऽक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

सुमन स्वर्णमय सुरतरुके, सम ल्यायकैं।
विविध प्रकार बनाय, सुगन्ध मिलायकैं।।
मन्मथदाहि निवारि, जजौं जिन पुष्पदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा।।४।।

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिनिर्वाणक्षेत्रेभ्यो कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

बावर पुरी पिराक, तुरत घृतमें कढे।
बहुत सुगन्ध लखत, उरमें आनन्द बढ़े।
क्षुधानिवारन, कंचन-थार सम्हारदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा।।५।।

ॐ ह्रीं कैलाशादिकनिर्वाणक्षेत्रेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिमय कंचन जड़ित, दीप अति सोहनै।
बहुत सुगन्ध, नहिं धूम, लखत मन मोहनै।
तिमिरविनाशक दीपक, लै पूजों सदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा।।६।।

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिनिर्वाणक्षेत्रेभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन अगर कपूर, आदि दस कूटकै।
सुरभिसार अलि मत्त जुरे कर टूटकै।।
करम दहनके हेत, धूप वर खेइदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा।।७।।

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिनिर्वाणक्षेत्रेभ्योऽष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

खारक दाख लवंग, लायची आनिये।
श्रीफल वह बादाम, जायफल जानिये।।
ये फल दूषन रहित, मुकति-फल हेतदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा।।८।।

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिनिर्वाणक्षेत्रेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

वारि सुगन्ध सुरत्न, पहुप चरु धोय के।
दीप धूप फल वसु विधि, अर्घ सँजोय के॥
यह विधि अर्घ संजोय, स्वपर हित ज्ञानदा।
कैलाशगिरि थान, मुकति मारग सदा॥६॥

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिनिर्वाणक्षेत्रेभ्योऽनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(ढाल : परमाद की)

नागकुमार मुनिंद, व्याल महाव्यालजी।
छेद अभेद रिषिंद, तिन गुन-माल सु धार जी॥
गिरि कैलाश महान, जु शिखरतें परनी।
शिवरमनी सुखकार वंदत तिन नित करनी॥

ॐ ह्रीं श्रीबाल महाबल-नागकुमारादिमुनीनां श्रीकैलाशसिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

जयमाला

(दोहा)

तीरथ परम सुहावनूं, शिखर कैलास विशाल।
कहत अल्प बुद्धि युक्तिसे, सुखदाई जयमाल॥१॥

(पद्धरी छंद)

जय घाती प्रकृति त्रेसठ संजोगि, दो समय पिच्यासी क्षय अयोगि।
परमौदारिक तै गये मुक्त, जिमि मूस मांहि आकाश शुक्त॥२॥

इक समय मांहि ऊरध स्वभाव, जिमि अग्नि शिखा तनु अंत चाव।
जल मछ इव सहकारीन धर्म, आगे केवल आकाश पर्म॥३॥

साकार निराकारो व भास, सहजानंद मग्न सु चिद्विलास।
गुण आठ आदि राजै अनंत, गणधरसे कहत न लहत अंत॥४॥

चेतन परदेशी अस्त व्यस्त, परमेय अगुरुलघु दर्वसस्त।
अरु अमूरतीक सु आठ येव, ये वस्तु स्वभाव सदैव तेव॥५॥

अब गुण पर्ययके भेद दोय, एक व्यंजन दूसरो अर्थ होय।
सो प्रथम अयोगा देहकार, परदेश चिदानंद को निहार॥६॥

अब अर्थ अगुरुलघु गुण सु द्वार, षट् गुणी हानि वृध निज सुसार।
सो समय समय प्रति यही भांत, जिमि जलकिलोल जलमें समात॥७॥

इह भांत सु तव गुण पर्ज्ञ दर्व, हो ध्रौव्योत्पाद-व्ययात्म सर्व।
यह लोक धरो षट दर्वसे जु, तिनकी गुण पर्यय समयके जु॥८॥

सो होत अनंतानंत जान, स्वभाव विभाव सु भेद मान।
जे ते त्रैकाल त्रिलोकके जु, इक समय मांहि जुगपत लखे जु॥९॥

हस्तामल इव दर्पण सु भाव, अक्षय सु उदासीनता सुभाव।
तव इन्द्र ज्ञान तैं मुक्ति जान, आयो पंचम कल्याण थान॥१०॥

चारों विध देव सु सपरिवार, निज वाहन जुपति उछाह धार।
तव अग्निकुमारके इन्द्र ठाढ, निज मुकुट मांहि तैं अनल काढ॥११॥

कीनों जिन तन संस्कार सार, सौधर्म इन्द्र अति हर्ष धार।
फुनि पूज भस्म मस्तक चढ़ाय, सब देव हु निज निज शीश नाय॥१२॥

करि चिह्न थान निज गए थान, फुनि पूजे मुनि जग खग सु आन।
तुम भए सु आदि अनंत देव, अनुपम अबाध अज अमर सेव॥१३॥

मैं पर्यो चतुर्गति वन सु मांहि, दुख सहे सो तुम से छिपे नांहि।
तुम करुणानिधि निज बान धार, संसार खारतैं तार तार॥१४॥

(धत्तानंद छन्द)

जय जय जगसारं, विगत विकारं, करुणागारं शिवकारं।
मम करु निरवारं, हे प्रणधारं, चिद्व्यापारं दातारं॥

ॐ ह्रीं कैलाशगिरिसे निर्वाणकल्याकप्राप्त श्रीवृषभादिजिनेन्द्राय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा॥

❐

श्री ऋषभनाथ जिनेन्द्र पूजन

(अडिल्ल)

आदि सनाह सजि सील मदन दुसतर हत्यो,
अनुप्रेक्षा सर संधि मोहभट जय कत्यो;
प्रवज्या सिवका साजि वरांगन शिव वरी,
आह्वानन विधि करूं प्रणमि गुण हिय धरी।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्रावतरावतर संवौषट्।
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

(नाराच छंद)

इन्दु कुंद छीरतैं अपार स्वेत वारही,
मिश्र गंध भृंग धारिकैं निकारि धारही।
अनेक गीत नृत्य तूर ठानिये विनोदस्यौं,
अष्ट द्रव्य ल्याय आदिनाथ पूजि मोदस्यौं॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

गंध चंदनादि ले भवादि दाहकूं हरै,
सरद हूवै सनेह उस्न बूंद एक जो परैं। अनेक० २

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

राय भोग्यके मनोग्य तंदुलौघ सारही,
सरल चित्तहार स्वेत पुंज भव्य धारही। अनेक० ३

ॐ ह्री श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरोपुनीत पुष्पसार पंच वर्ण ल्याईये,
जिनेन्द्र अग्र धारिकैं मनोजकूं नसाईये। अनेक० ४

ॐ ह्रीं आदिनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मोदकादि घेवरादि घृत खंडतैं करैं,
स्वर्नथाल धारतैं, छुध्यादि रोगकूं हरैं। अनेक० ५

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्न दीप तेज भान हेम थालमें भरैं,
जिनेन्द्र अग्र धारि भव्य मोह ध्वांतकूं हरै।
अनेक गीत नृत्य तूर ठानिये विनोदस्यौं,
अष्ट द्रव्य ल्याय आदिनाथ पूजि मोदस्यौं॥६॥

ॐ ह्री श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दसांग धूप चंदनादि स्वर्न पात्रमें भरैं,
हुतास संग धारि कर्म ओघ भव्यके जरै। अनेक० ७

ॐ ह्री श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

मिष्ट सुष्ट श्रीफलादि घ्राण चक्खिकूं हरैं,
मनोग्य चित्तहार पूज जोग्य थालमें भरैं। अनेक० ८

ॐ ह्री श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

(छप्पय)

सलिल सुच्छ सुभ गंध मलयतैं मधु झंकारै,
तंदुल शशितें स्वेत कुसुम परिमल विस्तारैं;
छुधा हरन नैवेद रतन दीपक तम नासै,
धूप दहै वसु कर्म मोखमग फल परकासै।
इम अर्घ करैं सुभ द्रव्य ले, रामचंद कनक थाल भरि,
श्री आदिनाथके चरण जुग, वसु विध अरचैं भाव धरि॥९॥

ॐ ह्री श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक अर्घ

सरवारथ सिधितें अहमिंद, मरुदेवी उर नाभि नरिंद।
नगर अयोध्या कृष्ण सुदोज, मास अषाढ़ वृषभ जिन कोज॥

ॐ ह्री अषाढकृष्णाद्वितीयायां गर्भकल्याणकप्राप्ताय श्रीऋषभजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

(अडिल्ल)

चैत्र असित नवमी श्री वृषभ जिनंदजी,
आयु चौरासी लाख पूर्व सुखकंदजी।
धनुष पांचसै तुंग कनक तन सोहनो,
चिह्न वृषभ जिनपद नमों मन मोहनो।

ॐ ह्री चैत्रकृष्णनवम्यां जन्मकल्याणकप्राप्ताय श्रीऋषभजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

चैत्र वदी नवमी आदीश्वर तप धरो,
गजपुरमें श्रेयांस भुवन पारन करो।
दीक्षा वट तरु तले रहे छदमस्थ जी,
वरष सहस एक चार सहस नृप संघ जी॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णनवम्यां तपकल्याणकप्राप्ताय श्री ऋषभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

(गीता छन्द)

फागुण इकादशि श्याम प्रात सु आदि प्रभु केवल ठई,
गणि वृषभसेन सु आदि चौरासी चतुर्विध संघ लई।
चौतीस सहस सुवार लाख प्रमाण थिति केवल कहों,
इक लाख पूर्वम घाट वर्ष हजार इक नमि अघ दहों॥

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णैकाद्वादश्यां ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय श्रीऋषभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

(प्रमिताक्षरा छन्द)

वदि माघ चारदश मुक्ति लियं, पद्मासनस्थ दिन चौद कियं,
निरजोग आदि जु अष्टापद तै, तै श्री मुनि अय्युतं संघ मिले॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णचतुर्दश्यां निर्वाणकल्याणकप्राप्ताय श्रीऋषभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जयमाला

(दोहा)

वैरागी आदिनाथ जिन; विषय अरनि दुखकार;
प्रगट भस्म तप अग्नितैं करैं नमूं पद सार॥१॥

(पद्धरी छन्द)

जय तीन जगतपति आदिदेव, भव उदधि तार तुम शरन एव,
जय धर्मतीर्थ करता जिनेश, जगबंधु विना कारन महेश॥२॥

जय तीर्थराज किरपानिधान, जय मुक्तरमा-भरता सुजान,
जय स्वयंबुद्ध शंभू महान, जय ज्ञानचक्षु करि विश्व जान॥३॥

जय स्वपर हितू मदमोह सूर, दीक्षा कृपाण गहि तुरत चूर,
जय तेरह चारित अमल धार, हत राग द्वेष वय अति कुमार॥४॥

तुम ज्ञान पोत लहि भवि अनेक, भवसिंधु तरे संशय न एक,
तुम वचनामृत तीरथ महान, ह्वै पावन जे करि हैं सनान॥५॥

दुःकर्म पंक छिन ना रहाय, तुम वैन मेघ करिकें जिनाय,
तुम ज्ञान भान करिकैं ममेश, ह्वै तिमिर मोहको छय असेस॥६॥

शिवपथ भव्य निर्विघ्न जाय, तेरी सहाय निर्वान पाय,
बहु जोगीश्वर तुम शरन थाय, निर्वान गये जासी अघाय॥७॥

जय दर्शन ज्ञान चरित्त इश, धर्मोपदेश दाता महीश,
जय भव्यनिकर तारन जिहाज, भवसिंधु प्रचुर तुम नाम पाज॥८॥

त्वं नाम मंत्र जो चित धरेय, सर्वारथसिद्धि शिवसौख्य लये,
मैं विनऊँ त्रिविधा जोरि हाथ, मुझ देहु अछैपद आदिनाथ॥९॥

(धत्ता)

आदि जिनेश्वर नमत सुरेश्वर, वसुविधि करि जुग पद चरचै,
दुह जर मरणावलि नसै भवावलि, रामचंद शिवतिय परचै॥१०॥

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री बाहुबलीस्वामी पूजा

(अडिल्ल)

घाति हने लहि ज्ञान बोधि भवगिरि ठ्ये,
हनि अघाति बाहुबलि सिवालै थिर भये;
आह्वानादि विधि ठानि वार त्रय उच्चरूं,
संवौषट् ठः ठः वषट् त्रयविध करूं।

ॐ ह्री श्रीबाहुबलीजिन ! अत्रावतर अवतर संवौषट्।

ॐ ह्री श्रीबाहुबलीजिन ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिन ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

(त्रिभंगी छन्द)

उत्तम जल प्रासुक, अमल सुवासित, गंगादिक हिम तृटहारी,
तुम पूजन आयो, अति सुख पायो, हरो जनम मृति दुखकारी;
बाहुबलीस्वामी, अन्तरजामी, अरज सुनो अति दुख पाउं,
भव वास बसेरा, हर प्रभु मेरा, मैं चेरा तुम गुण गाउं।

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ कुंकुम ल्यावै, चंदन मिलावै, अगर मेलि घनसार घसै,
श्री जिनवर आगे, पूज रचावे, मोहताप ततकाल नसै। बाहुबली०

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्तासम तंदुल अमल अखंडित चंद किरन सम भरि थारी,
करि पुंज मनोहर जिन पद आगै, लहौं अखै पद सुखकारी। बाहुबली०

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

मंदार जु सुन्दर कुसुम सु ल्यावैं, गन्ध लुब्ध मधुकर आवैं,
जिनवर पद आगैं, पूज रचावैं समरबान नसिकें जावैं। बाहुबली०

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नानाविध चरु लै मिष्ट मनोहर, कनकथाल भरि तुम आगैं,
पूजन कूं ल्यायौ, अति सुख पायौ, रोग क्षुधादि सबै भागैं।
बाहुबलीस्वामी, अन्तरजामी, अरज सुनो अति दुख पाउं,
भव वास बसेरा, हर प्रभु मेरा, मैं चेरा तुम गुण गाउं।

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुझ मोह सतायो अति दुख पायो ज्ञान हर्यो करिकैं जोरा,
मणि दीप उजारा तुम ढिंग धारा हरो तिमिर प्रभुजी मोरा। बाहुबली०

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

किसनागर ल्यावैं अगर मिलावैं, भरि धूपायन प्रभु आगै,
खेये शुभपरिमल तैं मधु आवैं, करम जरैं निज सुख जागैं। बाहुबली०

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल उत्तम ल्यावे, प्रासुक मोहन गंध सुगंधे रसवारे,
भरि थाल चढावें, सो फल पावैं मुक्ति महा तरुके प्यारे। बाहुबली०

ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलीजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

करि अर्घ महा, जल, गंध सु लेकरि, तंदुल पुष्प चरु मेवा,
मणि दीप सुधूपं, फल जु अनूपं 'रामचंद' फल सिवसेवा। बाहुबली०

ॐ ह्रीं श्रीबीहुबलीजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(चाल–अहो जगतगुरुदेव की)

बाहुबली जिन देव, सुनिज्यो अरज हमारी,
इह संसार मझारि, और न सरनि निहारी।

सुनिये हरि हर देव, काल सबै ही खाये,
उनको सरनो कौन, आपुनही थिर थाये।

तुम निरभै तजि मोह, ध्यान शुक्ल प्रभु ध्यायो,
उपज्यो केवलज्ञान, लोकालोक लखायो।

धरो जनम नहिं फेरि, मरन नहिं निद्रा नासी,
रोग नाहि नहि शोक, मोहकी तोरी फांसी।

विस्मयको नहिं लेश, धीर भयप्रकृति विदारी,
जरा नांहि नहि खेद, पसेव न चिंता टारी।

मद नाहीं नहिं वैर, विषय नहिं रति नहिं कातैं,
प्यास हनी हनि भूख, अष्टदश दोष न यातैं।

नमूं दिगंबर रूप, नमूं लखि निश्चल आसन,
मुद्रा शांत निहारि, नमूं नमिहूं तुम शासन।

नमूं कृपानिधि तोहि, नमूं जगकरता थे ही,
असरन कूं तुम सरन, हरो भवके दुःख ये ही।

जामन मरन वियोग, सोग इत्यादि घनेरे,
फेरि न आवें निकट, करो प्रभु ऐसी मेरे।

तुम लखि दीनदयाल सरनि हम यातें आये,
ऐसे देव निहारि भागितैं तुम प्रभु पाये।

''रामचंद'' कर जोरि, अरज करि है जिन ऐसी,
विपति यहै जगमांहि, सबै तुम जानत तैसी।

यातै कहनी नांहि, हरो जिन साहिब मेरे,
विन कारन जगबंधु, तुही अनमतलब केरे।

सरन गहेकी लाज, राखि जगपति जिनस्वामी,
करुणा करि संसार बाहुबली जिन अंतरजामी।

ॐ ह्रीं श्री बाहुबली जिनेन्द्राय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

❋

श्री भरत जिन पूजा

(दोहा)

तीरथ परम पवित्र अति, कैलास शैल शुभ थान।
जहँ तैं भरत चक्री शिव गये, पूजों थिर मन आन।।

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे सिद्धपद प्राप्त भरत जिन ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानं।

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे सिद्धपद प्राप्त भरत जिन ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्री श्री कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिन ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

(छन्द गीतिका)

नीर निरमल क्षीर दधि को, महा सुख दायक सही।
मैं लेय झारी कनक माहीं, आपने कर की मही।
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजा करों।
तिस फलैं जामन मरण के दुख, नाश हों सहजैं करों।।

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्व०

घसि नीर गंधसु धार चन्दन, सकल को सुखदाय ही।
धरि कनक पातर भक्ति उर धरि, तास पद पूजों सही।
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजों सही।
ता फलैं भव आताप नाशै, वाणि जिन ऐसे कही।।

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्व०

सुभग उज्वल खंड बिन ही, अक्षत निरमल लाइयो।
ले आपने कर हरष धरिके, देव जिन गुण गाइयो।
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजों सहीं।
ता फलै थानक अखय पावै, भव भ्रमण परिणति रही।।

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्व०

फूल सुर द्रुम तने सुन्दर, गन्धकी उपमा घनी।
ले आप कर अति भक्ति उरधर, पापकी परिणति हनी।
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजों सही।
ता फलै दुखदा मदन नाशै, पाय है सुखकी मही॥

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यो कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्व०

नैवेद्य षटरस सहित सुखदा, तुरत को कीनों लियो।
धरि सुभग पातर आप करले, भक्ति जुत शुभचित कियो।
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजों सही।
ता फलैं जठरानल विनाशै, और फल की को कही॥

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्व०

रतन दीपक ज्योति करता, तम हरा सुन्दर गिनों।
धरि कनक पातर आरती कर, हरष बहु हिरदै ठनो।
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजों सही।
ता फलैं मिथ्या रोग नाशै, सुरत में ऐसे कही॥

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्व०

धूप दश विध गंधदायक, घ्राणको सुखदायजी।
ले हरष जुत तें आपने कर, धरों बह्नि मांहिजी॥
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजों सही।
ता फलैं आठों कर्मक्षय हो, जनम की उतपति रही॥

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्व०

लोंग श्रीफल दाख पिस्ता, जान सुभग बिदामजी।
फिर आनि पुंगी फला खारक, आदि सुखके धामजी॥
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजों सही।
ता फलैं शिवफल होय भविजन, और को महिमा कही॥

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्व०

जल चन्दनाक्षत पुष्प चरुले, दीप धूप फला गिनो।
ये अष्टद्रव्य सुलेय सुन्दर अरघ अपने कर ठनो॥
भरत चक्री मुक्ति पायो, तास पद पूजों सही।
ता फलैं दुःख मिटे जगत के, मिले शिवसुख की मही॥

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिनेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्व०

जयमाला

(वेसरी छन्द)

भरतक्षेत्रके कैलासगिरि तहं ते भरत चक्री शिवपाई।
धन्य तिन्हें पूजें उस ठाहीं, हममें जानेका बल नाहीं॥१॥

तातें इस ही थलमें जानो, हाथ जोड़ करि हैं थुति मानो।
इस थल तें यह अरजी स्वामी, भव भव शरण देहु मो नामी॥२॥

और चाह मेरे कछु नाहीं, तुम गुण मान चाह उर माहीं।
तुम थुति ही सुर शिव सुख देवे, तुम महिमा तें दुख नहीं बेवे॥३॥

तुम प्रभु दीन-तार सुनि आयो, मैं अतिदीन शरण तुम जायो।
पतित उधारन विरद तिहारो, हूँ अति पतित जिनद मो तारो॥४॥

तुम प्रभु अशरण शरण बताये, बहुते अशरण पार लगाये।
इम सुनि जिन तुम शरणै आयो, मैं अशरण जिन तुम पद पायो॥५॥

नाथ नाहिं ताके भव माहीं, तुम अनाथ के नाथ कहाहीं।
जय जय जय करुणानिधि देवा, बहुत कठिन पाई तुम सेवा॥६॥

जय जय भव सागरको नावा, जय जय भव वन साथ कहावा।
जय जय शिव दायक जह पीवा, जय जय सुर हरिनाथ सदीवा॥७॥

जय जय धर्मी धर्मा सागर, गुण अनन्त रत्नोंके आकर।
जय जय शिवदायक जग पीवा, जय जय तुम थुति हरष सदीवा॥८॥

इत्यादिक थुति कर खग देवा, पुण्य उपाय जाय थल लेवा।
कै जिन खेतर के नर सोई, पूजें तिन्हें धन्य फल होई॥९॥

मैं तो शक्ति हीन हूँ स्वामी, किस विधि जाऊँ अन्तरयामी।
तातें इस ही थल तें देवा, मन वच काय करों तुम सेवा।।१०।।

ॐ ह्रीं कैलास सिद्धक्षेत्रसे मुक्ति प्राप्त भरत जिन पूजनार्थे महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कैलासक्षेत्र संबंधी जिन चैत्यालय पूजा

(गीतिका छन्द)

भरत खेतर कैलासगिरि मांहि शुभ थल राजिये।
तिस मांहि जिनके थान सुन्दर, विनय सहित विराजिये।।
तिन बीच प्रतिमा शुद्ध मूरति, सुरतमें जैसी कही।
पूजा तिनकी करनको शुभ भावतैं विनती ठही।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि जिनालयस्थ-जिनबिंबसमूह अत्रावतर संवौषट्, आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि जिनालयस्थ-जिनबिंबसमूह अत्र तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनालयस्थ-जिनबिंबसमूह अत्र मम सन्निहितो सन्निधिकरणम्।

(चाल जोगीरासा)

क्षीरोदधिको निरमल पानी, कनक पियाले आनो।
ले अपने कर हरष धार करि, सफल आज दिन मानो।
कैलासगिरि जिन गेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों तिन फल जनम जरा दुख, दोष न उपजै कोई।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो जलं निर्व०

चंदन घसि शुचि निरमल जल से, मलय सुगंधित धारी।
ले शुभकारी जिनमंदिरको, मन वच काय संवारी।
कैलासगिरि जिन गेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों तिन फल भव-तप नाशै, अवर न वांछा कोई॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो चन्दनं निर्व०

अक्षत उज्वल जायकलीसे, श्वेत वरण अधिकाई।
धार हरष उर ले अपने कर, अनुमोदन जुत भाई।
कैलासगिरि जिन गेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों तिन फल नाश करन को, अक्षय पदको जोई॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो अक्षतं निर्व०

फूल महा गंध धार सार ले, वरण भला सुखकारी।
तापै अलि वशि होय बासके, गुंजे तें कर धारी।
कैलासगिरि जिन गेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों तिन फल नाश कामको, और न वांछा कोई॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो पुष्पं निर्व०

षट् रसमय नैवेद्य खेद बिन, तुरत बना कर लायो।
घाल थाल कंचन भरपूरण, उमगे ही चित आयो।
कैलासगिरि जिनगेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों तिन फल होय क्षुधाक्षय, अवर न वांछा कोई॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो नैवेद्यं निर्व०

रतन दीप अति ज्योति प्रकाशी, कंचन थाल भराई।
अपने मुखतें मधुर शब्द करि, जिनवरके गुण गाई।
कैलासगिरि जिन गेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों ता फल नाशन तमको, और न वांछा कोई॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो दीपं निर्व०

दशविधि गंध मिलाय धूप कर, अपने करमें धारों।
मन वच काय शुद्ध करि वसु अरि, अगनि विषै ले जारों।
कैलासगिरि जिन गेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों ता फल होय करम क्षय, और न वांछा कोई।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो धूपं निर्व०

श्रीफल लोंग बिदाम सुपारी, खारक शुद्ध मंगाऊं।
पिस्ता चारु मनोहर लेकर, इन आदिक बहु लाऊं।
कैलासगिरि जिन गेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों ता फल शिवफल उपजे, और न वांछा कोई।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो फलं निर्व०

जल चंदन अक्षत पहुप चरु, दीप धूप फल भाई।
मेलि वसु द्रव अरघ करूं शुभ, अति आनंद उर लाई।
कैलासगिरि जिन गेह जिते हैं, बिंब शुद्ध तहं होई।
पूजों ता फल हो अनर्घ्य पद, और न वांछा कोई।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थजिनेभ्यो अर्घ्यं निर्व०

(अडिल्ल)

भरतक्षेत्र नग-खान देश रतना भरयो, तामें सरिता घनी बहुत झरना झरयो।
धर्म ध्यानमें बैठ जीव शिवपुर लहै, ते थानक हूँ जजों देव जिनवर रहैं।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रसम्बन्धि कैलासगिरि-जिनचैत्यालयस्थ जिनबिंबेभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

जयमाला

(पद्धरी छन्द)

जब प्रगटयो जिन केवल सु भान, आसन कंप्यो सुर असुर जान।
धनपति आज्ञा दीनी सुरेश, समवसृत आय रच्यो जिनेश।।

इन्द्र हु परिवार समेत आय, जिन पूज भक्ति कीनी बनाय।
नर खग पशु असुर नमे जिनाय, बैठे निज निज कोठे सभाय।।

तब समवशरण लखि इन्द्र हर्ष, तसु किंचित् वर्णन लिखौ पूर्व।
प्राकार नीलमणि भूमसार, चहुं दिश शिवाण वीस वीस हजार।।

तापै सु कोट धनु किधौं आई, धूलिसाला पण रत्न बनाई।
चहुं दिशमैं मानस्तंभ चार, त्रै कोटि रु कटनी धुजा सार।।

तामैं जिनबिंब बिराजमान, सिंहासन छत्र चमर सुजान।
तोरण द्वारन मंगल सुदर्व, कंचन रतननसों खिचे सर्व।।

ताके चहुं दिस वापिका चार, मानिनको मान गलत निहार।
ताके आगे शालिका सार, पुष्पनि की बाडी दोउ पार।।

फिर दुतिय कोट कंचन सुवर्ण, गोपुर द्वारन तोरण सुपर्ण।
अष्टोतर सत मंगल सु दर्व, द्वारन द्वारन विधि परी सर्व।।

तामें नटशाला चहूं ओर, तहां नटै अपछरा विविध जोर।
तहँ वन चारों दिसि सोभकार, चंपक अशोक आम्रादि चार।।

इक इक दिश वृक्ष सु चैत्य एक, जिन बिंबांकित पूजत अनेक।
फुनि तृतिय कोट ताए सु हेम, ध्वजपंकति तूप सु रत्न जेम।।

चौथो जु फटिकमणि कोस कोट, ताके मध द्वादश सभा गोट।
चव कोट मध्य वेदिका पांच, अंतरमैं नाना विविध रांच।।

कहुं मंदिर पंकति शिला जोग, सामानिक गंधकूटी संजोग।
ताके मध कटनी तीन राज, तापै औ गंधकुटी जु छाज।।

तामैं सिंहासन कमल सार, जिन अंतरीक्ष शोभे अपार।
इत्यादिक वर्णनको समर्थ, अब कहों छियालिस गुण जु अर्थ।।

जय जन्मत ही दश भये एह, बल नंत अतुल सुंदर सु देह।
जय रुधिर श्वेत अरु वचन मिष्ट, शुभ लक्षण गंध शरीर सिष्ट।।

जय आदि संहनन संसथान, मलरहित पसेव हु रहित मान।
फुन केवल उपजे दश जु एम, विद्येश्वर सब चतुरानन नेम।।

आकाशगमन अदया-अभाव, दुरभिक्ष जु शत जोजन न पाव।
अव इन पांचनसो रहित देव, उपसर्ग केश नख वृद्ध सेव।।

टमकार नेत्र कवला–अहार, छाया अब सुरकृत दस सु चार।
सब जीव मैत्री आनंद लहाहीं, अर्द्धमागधि भाषा सब फलाहिं।।

दर्प्पन नभ भू निरकंट सृष्टि, सौगंध पवन गंधोद वृष्टि।
नभ निर्मल अरु दश दिशहु जान, पद कमल रचत जय जय सुगान।।

वसु मंगल दर्व रु धर्मचक्र, अगवानी सुर ले चलत शक्र।
अव प्रातिहार्य वसु भेव मान, सिंहासन छत्र चमर सु जान।।

भामंडल दुंदुभि पहुप वृष्टि, दिव्य ध्वनि वृक्ष असोक सृष्टि।
दरशन सुख वीरज ज्ञान नंत, तुमही मैं औरन ना लहंत।।

अरु दोष जु अष्टादश कहेय, औरन में है तुम में न तेह।
सो जन्म मरण निद्रा रु रोग, भय मोह जरा मद खेद सोग।।

विस्मय चिन्ता परस्वेद नेह, मल वैर विषैरति क्षुध त्रिषेह।
सर्वज्ञ वीतरागता जेह, सो तुम मैं और न बनै केह।।

तुमरो शासन अविरुद्ध देव, बाकी संसय एकान्त भेव।
तुम कह्यो अनेकान्त सु अनेक, यह स्याद्वाद हत पक्ष एक।।

सो नय प्रमाण जुत सधै अर्थ, सापेक्ष सत्य निरपेक्ष व्यर्थ।
युक्तागम परमागम दिनेश, ताकी निशि चोर इवाकु भेष।।

भवितारण तरण तुही समर्थ, इह जान गही तुम शरण अर्थ।
मो पतित दोष पर चित न देहु, अपनी विरदावली मन धरेहु।।

हे कृपासिन्धु यह अर्ज धार, भै रोग तिमिर मिथ्या निवार।
मैं नमों पाय जुग लाय शीस, अव वेग उवारो है जगीश।।

(छन्द)

जय जय भवितारक, दुर्गति वारक, शिवसुख कारक विश्वपते।
हे मम उद्धारक भवदधि पारक, अखिल सुधारक द्रिष्ट इते।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्रकैलासगिरिसम्बन्धि जिनचैत्यालयस्थ जिनेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कैलासगिरिस्थित अतीतकाल चतुर्विंशतिजिन पूजन

(अडिल्ल)

होय गये जिन चार बीस आगे सही, तिन इन मुख वच सुने धन्य ते नर कही।
हम तो भावन भाय पूजने कारनै, करि है इह आह्वान अरज इम इम सुनै।।

ॐ ह्रीं जम्बू-भरतक्षेत्र कैलासगिरि स्थित अतीतकाल चतुर्विंशति जिन अत्रावतरावतर संवौषट् (आह्वाननम्)।

ॐ ह्रीं जम्बू-भरतक्षेत्र कैलासगिरि स्थित अतीतकाल चतुर्विंशति जिन अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं जम्बू-भरतक्षेत्र कैलासगिरि स्थित अतीतकाल चतुर्विंशति जिन अत्र मम सन्निधौ सन्निधिकरणम्।

(अडिल्ल)

गंगा निरमल जसो जल लाईयो, कनक झारिका धार भक्ति मन लाइयो।
होय गये जिन बीसचार जिनपद जजों, जनम जरा मृतु रोग नास फलतें तजों।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो जलं०

चन्दन घसि शुभ नीर भली बहु गंध मई, रतन रकेबी धारि लाइयो थुति चई।
होय गये जिन बीस चारि जिनपद जजों, ताफल भव आताप आपने सब तजों।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो चन्दनं०

अक्षत उज्वल खंड बिन मोती समां, ले अपने कर भक्ति भाव आनन्द रमा।
होय गये जिन बीस चारि तिन पद सही, पूजों ता फल होय अक्षयपदकी मही।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो अक्षतं०

फूल देवद्रुम तने भ्रमर शोभा लये, गन्ध घनीके धार रंग महिमा ठये।
होय गये जिन बीस चारि तीन पद सही, पूजें मदन नशाय भाव समता ठई।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो पुष्पं०

पूरण षट् रस मेल चारु चरु लाइयो, कनक पात्रमें घाल भले गुण गाईयो।
होय गये जिन बीस चार तीन पद सही, ता फल अपनी व्याधि भूख सारी दही।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो नैवेद्यं०

रतन दीप बहु लाय सकल तमके हरा, कनक थालमें भक्ति भाव कर सब भरा।
होय गये जिन बीस चार तिन पद जजों, ता फल अपने मोह तिमिर सब ही तजों।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो दीपं०

धूप घनी गन्ध धार सार दश विधि सही, खेऊं वह्नि मांहि हरष उरमें थही।
होय गये जिन बीस चार जिन पद जजों, ता फल कर्म जलाय छार सम कर तजों।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो धूपं०

श्रीफल लोंग विदाम सुपारी जानिये, पिस्ता आदिक भले भले फल आनिये।
होय गये जिन बीस चार जिन पद जजों, ता फल शिव फल होय सकल अघको तजों।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो फलं०

जल चन्दन अक्षत पुष्प चरु लाइये, दीप धूप फल अर्घ बनाकर ध्याइये।
होय गये जिन बीस चार जिन पद जजों, ता फल भव दुख सबै आपने अघ तजों।।

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो अर्घ्यं०

जम्बू भरत मझार हो गये जिन सही, बीस चार जग पूज जजैं हो शिव मही।
तातै वसु द्रव्य लाय अर्घ कीना भली, पूजों मैं जिन राज अतीते थिति रली॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अतीत चतुर्विंशति जिनेभ्यो महार्घ्यं०

प्रत्येक अर्घाणि

(चौपाई)

जिन निर्वाणनाथ सुखदाय, होय गये इस खेतर मांहि।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि श्रीनिर्वाण अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१॥

सागर नाम देव जो सही, होय गये इस खेतर मही।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि सागर अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥२॥

महा साधु नाम जिन देव, होय गये इस क्षेतर एव।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि महासाधुनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥३॥

विमल प्रभु नामा जिन सोय, होय गये भरत हि में जोय।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि विमलप्रभनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥४॥

शुद्ध भाव नामा जिन सही, होय गये इस खेतर मही।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि शुद्धप्रभनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥५॥

श्रीधर नाम देव जिन सोय, होय गये इस क्षेतर जोय।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि श्रीधरनाथ अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥६॥

दत्तनाम जिनदेव महान, होय गये भारतके थान।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि दत्तनाथ अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥७॥

अमल प्रभ नामा जिन सोय, होय गये भारतमें जोय।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अमलप्रभ नाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥८॥

श्री उद्धर नाम जिन सोय, होय गये भरतहिमें जोय।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि उद्धरनामा अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥९॥

अगनिनाथ नामा जिनदेव, होय गये भारतमें जेव।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि अग्निनाथ नाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१०॥

संजमनाम महा जिन सोय, होय गये भारतमें जोय।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि संयमनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥११॥

पुष्पांजलि नामा जिनदेव, होय गये भारतमें एव।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि पुष्पांजलिनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१२॥

शिवगण नाम नाम जिनदेव, होय गये भारतमें एव।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि शिवगणनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१३॥

उत्साह नामा परमेश होय गये भारतके देश।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि उत्साहनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१४॥

ज्ञान नेत्र तीर्थंकर सही, होय गये भारतके मही।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि ज्ञाननेत्र अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१५॥

परमेश्वर नामा भगवान, होय गये भारतके थान।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि परमेश्वरनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१६॥

विमलेश्वर नामा भगवान, होय गये भारतके थान।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि विमलेश्वर अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१७॥

नाम जथारथ देव जिनेश, होय गये भारतके देश।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि यथार्थदेव अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१८॥

नाम यशोधर जिनवर देव, होय गये भारतमें तेव।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि यशोधरनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥१९॥

कृष्णदेव सब जग हितकार, होय गये भारतमें सार।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि कृष्णमति अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥२०॥

नाम ज्ञान मति देव महान, होय गये भारतके थान।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि ज्ञानमति अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥२१॥

नाम विशुद्ध मती जिन जोय, होय गये भारतमें सोय।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि विशुद्धमतिनाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥२२॥

श्री भद्दर नामा जिन सही, होय गये भारतके मही।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि श्रीभद्र अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥२३॥

शांति युक्त नामा जिन देव, होय गये भारतमें तेय।
तिनके पद ये अर्घ चढाय, पूजों मैं शुभ मन वच काय॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धि शांतियुक्त नाम अतीत जिनाय अर्घ्यम् ॥२४॥

(अडिल्ल)

देव जिनेश्वर भये अतीत जु कालमें, बीस चार जग पाल नवों तिन भालमैं।
यही भक्तिके तार शरण मोकों रहो, अर्घ जजों तिन पांय पाप मेरे दहो॥

ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र कैलासगिरि सम्बन्धित अतीत जिनेभ्यो अर्घ्यम् ॥२५॥

जयमाला

(दोहा)

जिन चौबीस अतीत जे, होय गये भगवान।
तिन पद पूजे सुख मिले, तिन ही सों वर थान॥१॥

(वेसरी छन्द)

जय निर्वाण नाथ जिनदेवा, तुम सेवा निर्णय सुख मेवा।
सागर जिन सेवो मन भाई, तो सागर सम सुख उपजाई॥२॥

महासाधु जिनके पद सेवो, तो भवि महा साधु पद लेवो।
विमल प्रभ जिन जे गुण गामी, सो जिय विमल होय शिव जासी॥३॥

शुद्ध भाव जिनके गुण गावे, सो भवि ज्ञान सुधा रस पावे।
श्रीधर जिन को जो जिय सेवै, सो शिव नारि तनो सुख पेवै॥४॥

दत्तनाथ जिनके पद ध्यावो, दत्त सु नाथ तनो पद पावो।
अमल प्रभ सेवा जो ठाने, सो जिय अमल ज्ञान फल आने॥५॥

उद्धर जिनकी जो थुति ठानै, जो जग ते उद्धरनो आने।
अग्निनाथके जो गुण गावै, सो जिय अग्नि ध्यान उपजावे॥६॥

संयमजिनके जो पद सेवै, सो जिय संयम शुध पद लेवै।
पुष्पांजलि जिनको जो ध्यावै, पुष्प थकी जिन पूजा पावै॥७॥

शिवगण जिनके जो गुण गासी, सो जिय शिवगुणको फल पासी।
उत्साह प्रभुके गुण गावो, तो उत्कृष्ट पूज पद पावो॥८॥

ज्ञान नेत्र जिन गुण जो गासी, सो जिय केवलज्ञान उपासी।
परमेश्वर जिनके पद ध्याऊँ, ता फल परमेश्वर पद पाऊं॥९॥

विमलेश्वर जिन ध्यान करावै, सो भवि विमल आप हो जावे।
नाम यथारथ जिनगुण सेवो, थान जथारथको सुख लेवो॥१०॥

नाम जसोधर जिन पद सेवै, सो भवि जग जश ले सुख बेवै।
कृष्णदेव प्रभुको पद ध्यावो, तो सबही कारज सिध लावो॥११॥

नाम ज्ञानमति जिन मन आने, सो भवि ज्ञान पाय जस ठाने।
जो विशुद्ध मति जिन ढिग आवै, सो विशुद्ध मतिको फल पावे॥१२॥

जिन श्री भद्र शरण ते आसी, सो जिय मोक्ष सिरी फल पासी।
शान्ति युक्त जिन सेवे सोही, सो जिय मोक्ष युक्त पद होही॥१३॥

(दोहा)

ऐसे जिन चौबीस जे, भये महा सुखकार।
तिन पद अर्घ जजों सही, मोको हो सुखकार॥

ॐ ह्रीं अतीतकाल चतुर्विंशति जिनेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

कैलासगिरि स्थित वर्तमान चतुर्विंशति जिन पूजा

(अडिल्ल)

ऋषभ आदि महावीर पूजते जानिये,
बीस चार जिनराज भक्ति इन आनिये।
प्रतिमा तिनकी थापि भली विधि पूजिये,
अष्ट दरब दे पाय फलै अर्घ धूजिये॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतिजिन अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतिजिन अत्र तिष्ठ तिष्ठ। ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतिजिन अत्र मम सन्निधिकरणम्।

(गीतिका छन्द)

नीर निरमल गंध धारा, बीच ते लायो सही।
धरि कनक झारी आप करले, पूजको उद्यत ठई।
ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद है।
यह जजों जल तिन चरण आगे मिटै भव तप फंद है॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो जलं०।

बावनो चंदन सु घसिके, निर्मल जल मिश्रित कियो।
धर रतन झारी मांहि करले, भक्ति जिनकी चित दियो।
ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद है।
यह जजों चन्दन चरन आगे, मिटै भव तप फंद है॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो चन्दनं०।

अक्षत सु उज्वल खंड बिन है, रूप मुक्ता फल जिसे।
धर सुभग भाजन भाव जुत हैं, पूज जिनको मनस से।

ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद हैं।
यह जजों अक्षत चरण आगे, अखय पद जिन वंद्य हैं।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो अक्षतं० ।

फूल गंध समेत सब रंग, नयन घ्राण जु सुख मई।
ले आपने कर हरष धरिके, पूजने आयो सही।
ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद हैं।
यह जजों पुष्प जु चरण आगे, काम गज हर फंद हैं।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो पुष्पं० ।

नैवेद षट् रस पूर उज्वल, भाव भावत लाइयो।
करधार सुन्दर थालमें ले, मुखै जिनगुण गाइयो।
ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद हैं।
यह जजों चरु शुभ चरण आगे, मिटै क्षुधको फंद हैं।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो नैवेद्यं० ।

दीपक उद्योत सु रतनकारी, नाश तमको सो करे।
जो थाल भरले हरष धरके, आपने करमें धरे।
ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद हैं।
यह जजों दीपक चरण आगे, कटे अज्ञतम खंड हैं।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो दीपम्० ।

धूप दश विध लाय सुन्दर, अगर आदि मिलायजी।
मैं भले भावन आपने कर, अग्नि मांहि खिवायजी।
ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद हैं।
यह जजों धूप जु चरण आगे, जले अघके फंद हैं।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो धूपम्० ।

श्रीफल बिदाम अनार खारक, और फल बहु लाइयो।
धर हुलस चितकर कायको शुभ आप कर ले आइयो।

ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद हैं।
यह जजों फल शुभ चरण आगे, मोक्षफलको कंद हैं।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो फलं० ।

जल मलय अक्षत पुष्प चरु ले, दीप धूप फला सही।
कर अर्घ आठों दरब केरी, आपने करमें ठही।
ऋषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद हैं।
यह जजों अरघ सु चरण आगे, सबै सुखको कन्द हैं।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो अर्घ्यम्० ।

शुभ अरघ सुन्दर आठ द्रवकी, मेलि निज कर लाइये।
बहु हरष धर तन पुलक तो हों भक्ति जिनकी गाइये।
वृषभादि जिन महावीर पर्यंत, बीस चार जिनंद हैं।
यह जजों अरघ जु चरण आगे, हरै सब अघ वृन्द हैं।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशति जिनेभ्यो अर्घ्यम्० ।

प्रत्येक अर्घ

(चौपाई)

वृषभदेवके पूजों पाय, प्रापति वृषकी तातैं थाहि।
ऐसे जानि अरघ शुभ लेय, मन वच तन करि पूज करेय।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित वृषभ जिनाय अर्घ्यम् ।।१।।

अजित जिनंदतै जय नहिं लई, लिये करम तिन ने क्षय पई।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित अजित जिनाय अर्घ्यं ।।२।।

संभव स्वामी नामी देव, भविजनको करता गुण भेव।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय।।

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित सम्भवनाथाय अर्घ्यं ।।३।।

अभिनन्दन अभिप्राय सुजान, निर्भय फल भव्यनको थाय।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन वच तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित अभिनन्दननाथाय अर्घ्यं ॥४॥

सुमतिनाथ सुमती दातार, नाम धार उतरे भव पार।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित सुमतिनाथाय अर्घ्यं ॥५॥

पदमनाथके पूजन हेत, आवत सुर नर हरष समेत।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित पद्मप्रभु जिनाय अर्घ्यं ॥६॥

भो सुपार्श्व पारस जिनदेव, सेवत भविजन सुखकरि लेय।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित सुपार्श्वनाथाय अर्घ्यं ॥७॥

चन्द्रप्रभु बिच किरण मनोज्ञ, सुनतें भागें कर्म अजोग।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं ॥८॥

पुष्पदंत सब ही सुखकार, धर्म सुगन्ध तनों दातार।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित पुष्पदंत जिनेन्द्राय अर्घ्यं ॥९॥

शीतलनाथ अधिक गुण रूप, शीतल ह्वै मार्‌यो अरि भूप।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित शीतलनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं ॥१०॥

श्रीश्रेयांस जिन निर्मलभाव, मोह अरि जीत्यो करि चाव।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित श्रेयांसनाथाय अर्घ्यं ॥१०॥

वासुपूज्य जग पूजक देव, वास सुरग शिव दे तुम सेव।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं ॥१२॥

विमलदेव मल कर्म सु खोय, निर्मल भये ज्ञान शुध जोय।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित विमलनाथाय अर्घ्यं ॥१३॥

अनंतनाथ जिन जगत उदार, किये अनंत जीव भव पार।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित अनन्तनाथाय अर्घ्यं ॥१४॥

धर्मनाथ जिन धर्म जहाज, धारि घने भवि धर भव पाज।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित धर्मनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं ।१५॥

शान्तिनाथ समता कर सोय, जीते अघ अरि तारो मोय।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित शान्तिनाथाय अर्घ्यं ॥१६॥

कुंथुनाथ करुणाजुत देव, कुञ्जर कुंथु उबार करेव।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित अरनाथाय अर्घ्यं ॥१७॥

अर जिन कर्म अरी कर छेव, तुम तारक मेरे अघ भेव।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित अरनाथाय अर्घ्यं ॥१८॥

मल्लिदेव सम मल्ल न कोय, मोह जिसे मल्लन कुल खोय।
यातै मैं जिन पूज कराय, मन-वच-तन करि अर्घ चढाय॥

ॐ ह्रीं कैलासगिरि स्थित मल्लिनाथाय अर्घ्यं ॥१९॥

मुनिसुव्रत मन जानन हार, मनमथ भूपति कीने छार।
